तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025




12 बजट में शामिल प्रशासकीय स्वीकृति के अभाव में...



12 शिव मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब, नेटवर्क और यातायात...



## खबर संक्षेप



### पैसा नहीं देने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पैसा देने से मना करने पर एक युवक के साथ मारपीट की घटना हो गई। सिटी कोतवाली महासमुंद पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 30 नया रावण भाठा निवासी नीरज नाविक 3 अगस्त को काम करने के बाद वापस रात्रि करीब 9 बजे आ रहा था। कृष्णा मंदिर के पास पहुंचने पर वहां पहले से मौजूद सिद्धू सेंद्रे प्रार्थी से पैसा मागने लगा। जब उसने पैसा देने के लिए मना किया, तब आरोपी ने गाली गलौज करते हुए प्रार्थी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### झलप के ढाबा में मारपीट

**महासमुंद।** झलप के ढाबा में खाने का पेमेंट करने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रताप मन्नाडे निवासी ग्राम बरभाठा ने बताया कि 3 अगस्त की रात करीबन 11 बजे वह समाज प्रमुख महेंद्र कोसरिया, मयाराम टंडन व अन्यअ लोगों के साथ सीजी 06 फैमिली ढाबा झलप खाना खाने गये थे। ढाबा में डुमरपाली के आज्ञाराम ठाकुर भी खाना खाने आया था। जब वे सभी खाना खाकर निकल रहे थे, तभी आज्ञाराम ठाकुर द्वारा मयाराम टंडन से कहा कि मेरे खाने का भी पेमेंट करो, जिस पर मयाराम द्वारा पेमेंट करने से मना किया। तब आज्ञाराम ठाकुर गाली गलौज कर धक्का मुक्की करने लगा, बीच बचाव करने पर प्रार्थी के साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# विश्व धरोहर को बचाने हाथों में मशाल लेकर सिरपुर पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कई प्लांट अपने उद्योग के अंदर अवैध निर्माण प्रारंभ किया है। जिसके विरोध में विश्व धरोहर सिरपुर को बचाने किसानों की किसान क्रांति मशाल रैली विश्व धरोहर सिरपुर पहुंची।

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज भवन परिसर में किसान क्रांति मशाल रैली की सभा को किसानों और किसान नेताओं ने संबोधित किया। मशाल लेके निकले किसान, महिला किसान, बेरोजगार छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज भवन परिसर से बस स्टेंड, बाजारपारा, बाजार चौक, गंधेश्वर नाथ मंदिर पारा, चंडी मंदिर पारा, लक्ष्मण देवालय पारा, कसडोल रोड, महाशिव तिवर देव बिहार, सिरपुर चौक, सुरंग टीला पारा होते हुए यादवसमाज भवन परिसर में समापन हुआ। मशाल जुलूस शुभारंभ के पहले देश के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान किसान बैनर में अपनी मांगों का उल्लेख किए हुए नजर आए।

### जुलूस निकालने के पहले शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी





### यह रहे मशाल जूलूस में शामिल

मशाल जुलूस में प्रमुख रूप से अशोक कश्यप, दशरथ सिन्हा, धर्मेंद्र यादव शत्रुघ्न बैरागी, कुमार बरिहा, लीलाधर पटेल, चैनसिंह बरिहा, जीवन बरिहा, देवनारायण साहू, श्यामलाल ध्रुव, तोषण सिन्हा, प्रह्लाद ध्रुव, करण साहू, रूपसिंह निषाद, कलीराम निषाद, चंद्रकुमार यादव, नरेंद्र दीवान,, देवकुमार धीवर, नरेश धीवर, वैशाखू सिन्हा, गौतराम पटेल, धनश्याम सिन्हा, गुरुचरण बरिहा, देव धीवर, लक्ष्मण धीवर, श्रीमती राधा बाई सिन्हा, श्याम बाई ध्रुव, टुकेश्वरी ध्रुव, ठगनबाई सिन्हा, ख़ेमिन साहू, रुक्मिणी यादव, मोहन बाई जलक्षत्री, पुस्वैया धीवर, बनवासा यादव, धनेश्वरी यादव, रुक्मणि यादव, प्रमिला पटेल, रोशनी ध्रुव, रमशिला पटेल, जमुना यदु, अनीता ध्रुव, धनवंतिन ध्रुव, पुनई पटेल, भारती धीवर सहित सैकड़ों किसान, महिला किसान, बेरोजगार शामिल थे।

## आस्था : 14 हजार कांवरियों ने गंधेश्वरनाथ का किया जलाभिषेक

# 12 हजार लोग 3 बजे से करते रहे जलाभिषेक के लिए इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन माह के चौथे और आखिरी सोमवार को आज सिरपुर के गंधेश्वर महादेव मंदिर में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ कांवर यात्रियों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़ी है। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों के अनुसार कांवरियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए आज अलसुबह 4 बजे से ही गंधेश्वर महादेव के जलाभिषेक के लिए कांवरियों के लिए पट खोल दिया गया। देर शाम तक लगभग 14 हजार कांवरियों ने गंधेश्वर नाथ का जलाभिषेक किया।

चौथे और आखिरी सावन सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए शनिवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु बम्हनी से जल लेकर सिरपुर के लिए रवाना हुए। कांवरिए करीब 35 किमी की पद यात्रा कर वे सिरपुर के गंधेश्वर मंदिर पहुंचे। रात भर भक्ति गीत और हर-हर महादेव के जयकारे से पूरा सिरपुर शिवमय हो गया। कांवरिए आज अल सुबह महानदी में स्नान कर सुबह तीन बजे से जलाभिषेक के लिए कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। यहाँ सुबह 4 बजे से जलाभिषेक शुरू हुआ।

यज्ञशाला के पास यज्ञ समिति की ओर से थनवार यादव और बोल बम सेवा समिति की ओर से बाबूलाल साहू ने पालकी की अगवानी की। इस दौरान पुजारी परिवार से तोषण गिरी, खुशाल गिरी, हेमंत, मेघराज तथा उपसरपंच राजेश ठाकुर, निहाल सोनकर, दुलरवा धीवर, कुणाल चंद्राकर, जयदित्य ठाकुर मौजूद रहे। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, महासमुंद के पार्षद भाऊराम साहू, आनंद साहू भी पालकी यात्रा में शामिल हुए।



### बम्हनेश्वरनाथ का हुआ गंगा जल से अभिषेक

सावन के अंतिम सोमवार को बम्हनी स्थित भगवान बम्हनेश्वर नाथ का गंगा जल से अभिषेक किया गया। यहां शनिवार से सोमवार तक लगातार आयोजन होते रहा है। शनिवार को गंगा आरती समिति द्वारा 1008 दीप से श्वेतगंगा की आरती की गई। रविवार को सहस्त्र जलधारा अभिषेक किया गया। अंतिम सावन सोमवार को करीब 5 लीटर गंगा जल से बम्हनेश्वर नाथ का अभिषेक किया गया। मुख्य जजमान होरीलाल पांडेय, सह जजमान सुनील अग्रवाल, सुखीराम साहू, संतोष दुबे से ऋषभ महराज ने विधि-विधान से पूजन उपरांत रूद्राभिषेक किया। पूजन में पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा भी शामिल हुए।

### गंधेश्वर नाथ की निकली पालकी यात्रा

गंधेश्वर महादेव की पालकी यात्रा सोमवार को निकली। बाबा गंधेश्वरनाथ ने सिरपुर भ्रमण कर भक्तों का जाना हाल और दर्शन दिया। इस दौरान बैंड के धुन पर भक्त मंडली थिरकते नजर आए। जहां जहां से बाबा की पालकी निकली, घरों के महिलाएं निकाल कर पूजा अर्चना करते रहे। भ्रमण के दौरान मंदिर का पट बंद रहे और दर्शनार्थी बाहर में ही बाबा का दर्शन लाभ लेते रहे। मंदिर के पुजारी अमन, धर्मेंद्र गिरी ने पूजन विधान पूर्ण कर बाबा गंधेश्वरनाथ से प्रार्थना कर प्रतीकात्मक स्वरूप को पालकी में विराजित किया। मंदिर के मैनेजिंग ट्रस्ट्री दाऊलाल चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, सुखीराम हिरवानी, मोहन वर्मा, बाबूलाल ध्रुव ने पालकी उठाकर मंदिर की परिक्रमा की।

# भ्रष्टाचार की शिकायत, पुलिस पर लगा प्रताड़ना का आरोप, एसपी को ज्ञापन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डोंगरीपाली के आश्रित ग्राम कैलाशपुर के पंच अमितेष बरिहा ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा है कि पंचायत में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करने पर दुलीकेशन साहू व पिथौरा पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया जाता है।

पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा के कार्यकाल में विकास कार्य के नाम से साहू इंटरप्राइजेस के संचालक नेता दुलीकेशन साहू निवासी ग्राम कैलाशपुर को कई लाख रुपये भुगतान किया गया, जबकि उक्त फर्म साहू इंटरप्राइजेस कहीं पर भी संचालित नहीं है। बरिहा का आरोप है कि भाजपा नेता साहू एक गुमनाम फर्म बनाकर डोंगरीपाली के अलावा विखं पिथौरा अंतर्गत कई अन्य पंचायतों से कई लाखों रुपये प्राप्त किए हैं। अमितेष ने बताया कि आठ मई व 22 जुलाई को उक्त फर्म साहू इंटरप्राइजेस का सत्यापन करने की मांग की थी।

इसी के चलते उक्त ने पुलिस का सहारा लिया। स्थानीय पुलिस द्वारा उक्त नेता के इशारे में शिकायतकर्ता को डराने-धमकाने का प्रयास किया।





### पीड़ित ने लगाई एसपी से गुहार, बोला- विज्ञापन ले लेना, कोई मामला नही

### मंत्री विधायक की धौंस दिखाने का आरोप

कैलाशपुर के पंच खिरोद पटेल ने भी आगे बताया कि, दुलीकेशन साहू ने कैलाशपुर युवा स्टालिस एक ग्रुप बना हुआ है, उसमें भाजपा के नेता और मंत्री विजय शर्मा, तोखन साहू के साथ लिया गया वाला फ़ोटो भेज कर बोलता है, कि भाजपा की सरकार है, मेरा कुछ नही कर पाओगे मंत्री विधायक सब मेरे साथ है। आम आदमी पार्टी के जिला सचिव एमडी सागर ने भी बताया कि दुलीकेशन साहू द्वारा मारने पीटने को धमकी दिया गया है, और दुलीकेशन साहू द्वारा कहा गया है कि जितना विरोध करना है कर लो। हजारों शिकायत करने से भी कुछ होने वाला नही है, मैं मंत्री लेवल का आदमी हूं।

मामले में पक्ष जानने पर दुलीकेशन साहू का कहना है कि भैया आपको विज्ञापन दे दूंगा। कोई मामला नहीं है, फर्जी शिकायत है। पुराने सरपंच का काम है, मूल्यांकन सत्यापन हुआ है।

### दस किलो गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** रेहटीखोल चौक में चेकिंग के दौरान सिंघोड़ा पुलिस ने पैदल आ रहे दो लोगों के कब्जे से दस किलो गांजा बरामद किया है। आरोपियों को नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत गिरफ्तार किया गया। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति दो पिट्ठू बैग में अवैध गांजा रखकर ओडिशा से रेहटीखोल छत्तीसगढ की ओर पैदल आ रहे हैं। पुलिस के पहुंचने पर दोनों संदेही भागने लगे, जिन्हें स्टाफ के द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। संदेहियों से भागने का कारण पूछने पर पिट्ठू बैग में गांजा रखना बताया और उक्त गांजा को बरगढ़ ओडिशा से ठाणे मुंबई खपाने ले जाना बताये। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम थापा सूरज किशन पिता थापा किशन (26 साल) अपार्टमेंट एएल/5/29/14 बेथेल चारीटेबल ऑफ इंडिया नियर अभुथिया बैक 17 सेक्टर नई मुंबई थाना ठाणे जिला ठाणे महाराष्ट्र और परसूराम राजू खडगे पिता राजू खडगे (30 साल) अंबेडकर नगर बुद्ध बिहार के पास दिघा नई मुंबई थाना ठाणे जिला ठाणे महाराष्ट्र बताया। संदेहियों द्वारा रखे हुए दोनों पिट्ठू बैगों की तलाशी ली गई। जिसमें आरोपी थापा सूरज किशन के पास रखे बैग के अंदर सफेद रंग के झिल्ली में रखे 05 किलोग्राम गांजा कीमत 75000 रुपए, वहीं आरोपी परसूराम के पास रखे हरा ग्रे कलर के पिट्ठू बैग के अंदर सफेद रंग के झिल्ली में रखे 5 किलोग्राम गांजा कीमत 75000 रुपए सहित मोबाइल जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# जैन समाज ने धूमधाम से मनाई यति यतनलाल की 49वीं पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संत, निःस्पृह यति यतनलाल मसा की 49वीं पुण्यतिथि पर 4 अगस्त को स्थानीय जैन समाज ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विवेकसागर एवं शासनरत्नसागर मसा की पावन निश्रा में वल्लभ भवन जैन मंदिर में गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मंगलाचरण एवं यति की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

फिर जैन श्री संघ के वरिष्ठ सदस्य शरद मालू एवं पारस चोपड़ा ने यतनलाल का जीवन परिचय विस्तृत रूप से दिया। तत्पश्चात अशोक बरडिया, याशिका चोपड़ा, लाव्या चोपड़ा, हेमंत झाबक, देवराज लूनिया एवं ललिता बरडिया ने गीत एवं शब्दों के माध्यम से यति यतनलाल के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किया। अंत में विवेकसागर मसा ने यति यतनलाल के बारे में बताते हुए कहा कि यतनलाल की महासमुंद संघ के ऊपर बहुत कृपा रही है। उनके जीवन के बारे में सिर्फ़ जानना ही नहीं अपितु जीना भी होगा, और यही वास्तविक श्रद्धांजलि होगी। यति ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सारा जीवन न्योछावर कर दिया। महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू से उनका घनिष्ठ संबंध था। पारस चोपड़ा ने बताया कि देश के आज़ाद होने के बाद यति को कांग्रेस सरकार ने सांसद की टिकट का प्रस्ताव दिया था, जिसे उन्होंने यह कहकर ठुकरा दिया था कि देश आज़ाद हो चुका है मेरा काम हो गया है। अब मैं सिर्फ जनसेवा का कार्य करूंगा। साल 1960 के दशक में यति ने रायपुर को छोड़कर महासमुंद को अपनी कर्मभूमि बना लिया और यहाँ विवेक वर्धन सेवा आश्रम की स्थापना की। यति का निर्वाण 4 अगस्त 1976 को मुंबई के हॉस्पिटल में हुआ। मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री श्यामाचरण जब उनकी समाधि में आये थे तो उनका वक्तव्य था कि, यहां आकर ऐसा लगता है

▶▶| शेष पेज 10 पर



### अजमेर से कलश यात्रा महासमुंद पहुंची

3 अगस्त रविवार को अजमेर दाड़ाबाडी के जीर्णोद्धार के लिए अजमेर से निकली कलश यात्रा महासमुंद पहुंची। जिसे शांतिनाथ भवन से जैन मंदिर तक गाजे बाजे के साथ लाया गया और बधा कर वल्लभ भवन में विराजित किया गया। श्रावक श्राविकाओं ने बढ़ चढ़कर उसमें सोना-चांदी अर्पण किया, जो कि अजमेर दाड़ाबाडी के जीर्णोद्धार में उपयोग में लाई जाएगी। रायपुर से पधारे जीर्णोद्धार समिति के सदस्य सुपारस गोलछा ने अजमेर में होने वाले निर्माण को चलचित्र के माध्यम से लोगों के समक्ष रखा। संघ के सचिव रितेश गोलछा ने बताया कि अपने द्रव्य का सदुपयोग करने के लिए यह एक अच्छा अवसर है। यदि किसी को अपने धन का उपयोग अजमेर में निर्माणाधीन दादाबाड़ी के लिए करना है तो वो एक निर्धारित राशि देकर कूपन प्राप्त कर सकते हैं। कलश भराने के बाद शाश्वत सेवा ग्रुप द्वारा यति यतनलाल की जीवनी पर आधारित एक मनमोहक नाट्य प्रस्तुत किया गया। इस नाट्य में गांधी, नेहरू सहित महासमुंद के सेठ हनुतमल पींचा, भीखमचंद मालू आदि का किरदार बख़ूबी निभाया गया। इस कार्यक्रम की रचना ललिता बरडीया द्वारा की गई एवं मंच संचालन कुमारी रेखा कोचर और रिया गोलछा ने किया। यति यतनलाल की भूमिका में कुशल चोपड़ा ने शानदार अभिनय किया।

## पदभार ग्रहण करते ही विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण

# नवपदस्थ जिपं सीईओ नंदनवार ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत के नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार (आईएएस) बैच 2020 ने जिला पंचायत महासमुंद में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक ने उन्हें कार्यभार सौंपा। नंदनवार भारतीय प्रशासनिक सेवा 2020 के अधिकारी है, इसके पूर्व वे जिले के सरायपाली अनुविभाग में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के रूप में एवं बीजापुर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में पदस्थ रहे है।

नंदनवार ने कार्यभार ग्रहण करते ही जिला पंचायत के विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय में कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति, साफ-सफाई, फाईलों का सुव्यवस्थित रख-रखाव के लिए निर्देश दिए। उन्होंने स्टाफ का परिचय लेते हुए कामकाज की जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत परिसर में आयोजित आकांक्षा हाट का अवलोकन भी किया। उन्होंने महिला समूह द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों के संबंध में जानकारी लेते हुए मार्केटिंग और ब्रॉडिंग के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान निवर्तमान सीईओ एस आलोक भी मौजूद थे।



### 38 सचिवों का 29 तारीख को ट्रांसफर बना चर्चा का विषय



जिला पंचायत सीईओ का ट्रांसफर होने के साथ ही जिले के 38 ग्राम पंचायत के सचिवों का स्थानांतरण अचानक कर दिया गया। जिला पंचायत सूत्र बताते हैं कि आदेश 29 के बाद जारी हुए लेकिन, सब ट्रांसफर बैक डेट में किए गए हैं। अब 29 तारीख को जिला पंचायत से जारी समस्त आदेश को निरस्त किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। खास बात यह भी है कि सभी को पृथक–पृथक आदेश जारी किए गए हैं। स्थानांतरण आदेश में खिलेश साहू का भी नाम शामिल है जिसका स्थानांतरण कोसरंगी हुआ था। जनपद द्वारा रिलीव कर दिए जाने के बावजूद सीधे सीधे कनेकेरा के लिए त्रुटिपूर्ण स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है। पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने कहा है कि सभी 29 जुलाई के आदेश निरस्त किए जाए। और इसकी जांच कराई जाए।

### जिला अस्पताल के मेल वार्ड में लगी आग



**महासमुंद।** जिला अस्पताल के प्रथम तल में स्थित मेल वार्ड के दीवार में लगे पंखे में सोमवार को आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग दिन में करीब 3 .45 बजे लगी। आग से पंखा जलकर नीचे गिर गया। आग लगने से वार्ड में भर्ती मरीजों में डर का माहौल निर्मित हो गया। हालांकि, आग से किसी मरीज को कोई नुकसान नहीं हुआ है। लगभग पांच मिनट पश्चात वहां मौजूद गार्ड ने अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पा लिया।

**खबर संक्षेप**

## ज्ञान ज्योति विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** विवेकानंद शिक्षण समिति द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर/स्वर्गीय नीलकंठ राव साकरकर उच्चतर माध्यमिक विधालय तथा पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल के स्थापना दिवस पर 5 अगस्त को सुबह 9:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलम रेवाराम कोसरे तथा अध्यक्षता माधव राव टांकसाले करेंगे। उक्त जानकारी संस्था प्रभारी कुमारी अंजलि सिन्हा ने दी है।

**पेज 09 का शेष**

## जैन समाज ने ...

जैसे किसी तीर्थ का दर्शन हो गया। छत्तीसगढ़ सरकार यति यतनलाल के नाम से अहिंसा पुरस्कार भी प्रत्येक वर्ष प्रदान करती है। यति द्वारा आश्रम परिसर में दमा की दवा दी जाती थी, जो आज भी अनवरत शरद पूर्णिमा के दिन आश्रम में प्रदान की जाती है। इस अवसर पर जतन सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांगों को कृत्रिम पैर प्रदान किया गया। हितग्राहियों को विवेकसागर ने मांसाहार और शराब त्याग करने का शपथ दिलाई। शाश्वत सेवा ग्रुप द्वारा यति यतनलाल की जीवनी पर आधारित पुस्तक का विवेकसागर मसा की निश्रा में वरिष्ठजनों के हाथों विमोचन कराया गया। विवेक वर्धन सेवा आश्रम ट्रस्ट द्वारा आज हर्बल चिकित्सा शिविर का आयोजन मेघ भवन में किया गया, जिसमें रायपुर से पधारे नाड़ी वैद्य पारस चोपड़ा ने अपनी सेवाएं दी। आश्रम ट्रस्ट द्वारा शाम को यति की समाधि के समक्ष भक्ति आयोजित की, जिसने सभी में संगीत के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त जानकारी जैन संघ के सचिव सीए रितेश गोलछा एवं ललिता बरडिया ने दी।



# श्रावण सोमवार पर भूतेश्वरनाथ मंदिर छिलपावन में सजी आस्था की दिव्य छटा, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया पुण्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

श्रावण मास की चतुर्थ और अंतिम सोमवार को छिलपावन स्थित भूतेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का भव्य संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से गुलजार रहा। धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला ने श्रद्धालुओं को अध्यात्म और भक्ति में सराबोर कर दिया।

सुबह 8 बजे भूतेश्वर महादेव का विशेष रूप से घृत (घी) से अभिषेक किया गया। मंत्रोच्चार और भक्तों की भक्ति से वातावरण पूरी तरह शिवमय हो उठा। इसके बाद 11 से 12 बजे तक लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना तथा झूला रथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। श्रद्धालुओं ने बाल स्वरूप भगवान को झूला झुलाया और भजन-कीर्तन में भाग लिया।

### आम भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित आम भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समाचार लिखे जाने तक भंडारा अनवरत चल रहा था। मंदिर परिसर में मेला जैसा माहौल था। बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे सभी सेवा और भक्ति में जुटे रहे।

### 551 दीपों की रोशनी से जगमगाया मंदिर परिसर

शाम 6 बजे 551 दीपों को प्रज्ज्वलित किया गया। एक साथ जलते दीपों की रोशनी से मंदिर परिसर दिव्य आभा से नहा उठा। रात्रि 8 बजे से सुप्रसिद्ध गायक पारसमणि पटेल द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की गई, जिसमें उपस्थित जनसमूह देर रात तक झूमता रहा। यह आयोजन भूतेश्वर नाथ मंदिर समिति, युवा संघ छिलपावन द्वारा जन सहयोग से किया गया, जो कि हर वर्ष इसी तरह श्रद्धा से आयोजित होता है। समिति का कहना है कि यदि सरकारी स्तर पर सहयोग मिले तो इस आयोजन को और अधिक भव्य, सुव्यवस्थित एवं व्यापक रूप में संपन्न किया जा सकता है।



**विरोध : चारागाह, श्मशान भूमि का उद्योग हस्तांतरण किए जाने से रोष**

# बिना पंचायत प्रस्ताव के उद्योग हस्तांतरण से सरपंच व ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में शासकीय भूमि खसरा नंबर 2435, 2436, 2619, 2620, 2616, 2614 रकबा क्रमशः 1.72, 0.45, 0.22, 10.95, 0.12 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 06, कुल रकबा 3.48 हेक्टेयर भूमि को जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग महासमुंद को हस्तांतरण किए जाने के लिए इश्तिहार न्यायालय से जारी किया गया है। जिसके सम्बन्ध में ग्राम पंचायत बिरकोनी द्वारा आपत्ति किया गया हैं। खसरा नंबर 2485 में चारागाह निर्मित है,2620 में श्मशान भूमि हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने बिना पंचायत प्रस्ताव के उद्योग हस्तांतरण करने पर ग्राम पंचायत में आपत्ति दर्ज कराई थी।



जिसमें सरपंच चंदन चंद्राकर सहित पंचों व ग्रामीणों ने न्यायालय तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग महासमुंद को हस्तांतरण न किये जाने की मांग की है।

उद्योग विभाग द्वारा 11 जुलाई 2025 को राजस्व विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग एवं पर्यावरण विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र हस्तांतरण किये जाने का उल्लेख किया गया था, जिसकी सूचना पर ग्रामीणों ने विरोध जताया है। जिस भूमि को औद्योगिक क्षेत्र के लिए चयनित किया गया है, ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है और इस भूमि को उद्योगों के लिए उपयोग न करने की मांग की है। यह भूमि श्मशान घाट और मवेशियों के चारागाह के लिए निर्मित है। सरपंच चंदन चंद्राकर ने बताया कि उद्योग विभाग को अभी तक ग्राम पंचायत से एनओसी नहीं दिया गया है। फिर भी बिना पंचायत प्रस्ताव के इश्तिहार जारी किया गया है, जिसकी आपत्ति तहसील कार्यालय में दर्ज कराए है। इसके बारे में पहले से सूचना भी नहीं दिया गया था। व्यापार एवं उद्योग विभाग को हस्तांतरण न किया जाए की मांग की गई। ज्ञापन सौपने वालों में सरपंच चंदन चंद्राकर, उपसरपंच गिरीश चंद्राकर, पवन साहू, सुनीता, कमला साहू, सावित्री पटेल, डेरहीन बाई ध्रुव, दीप कुमार चंद्राकर, लाकेश्वरी यादव, संतोषी निषाद, लक्ष्मी पटेल, केशर साहू, भुनेश्वरी साहू, हेमराज चंद्राकर, फगुलाल साहू, नेहा साहू, तुकेश साहू, महावीर निषाद, देवकीबाई साहू, डोलू साहू, बहुर महिलांग, रवि चंद्राकर उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स की हुई मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 1 अगस्त को बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू एवं संचालन सचिव शिवकुमार साहू ने की। बैठक का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना/पूजन के साथ हुई। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के अतिरिक्त आशा मानव, एस चंद्रसेन, सरिता तिवारी, पुरूषोत्तम शर्मा, साधना कसार, राजेश्वर खरे, अशोक शर्मा दीपक पटेल, उपाध्यक्ष गोवर्धन साहू, भगत साहू, संगठन मंत्री चमन साहू, भूषण भोसले, सहसचिव राधेश्याम दुबे, चोवाराम ने भागीदारी की, तत्पश्चात संगठन के नये सदस्यों आरके श्रीवास्तव राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त व्याख्याता, एस चंद्रसेन सेवानिवृत्त उपसंचालक शिक्षा, दिनेश द्विवेदी व्याख्याता शिक्षा विभाग, किशन ध्रुव सहायक वर्ग 02 कृषि विभाग, सुनीती दीवान एवं माधो राम साहू जल संसाधन विभाग का स्वागत संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा किया गया। पश्चात अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में रामकुमार साहू ने इस माह संगठन द्वारा किए गए कार्यो का विवरण प्रस्तुत कर पेंशनरों से अपनी समस्या को समक्ष रखने की अपील की गई।

संगठन में कोषाध्यक्ष की पद निर्वहन के लिए उपस्थित सभी सदस्यों से नाम आमंत्रित किया। पेशनर सदस्य आईएम कुरैशी ने इसके लिए सहमति व्यक्त की। सचिव शिवकुमार साहू ने संगठन के कार्यो के लिए अनेक जागरूक पेशनरों द्वारा स्वेच्छा से दी गई सहयोग राशि के लिए धन्यवाद दिया। अंत में संगठन मंत्री चमन लाल साहू द्वारा आभार प्रदर्शन किया। बैठक में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रमौतीन साहू, सुनीति दीवान, चंद्रबदन मिश्रा, नेहरू साहू, सुरेश क्षेत्रपाल, आईएम कुरैशी, ज्ञानसिंग चंदेल, सुरेन्द्र तिवारी, रामकुमार साहू, विष्णु प्रसाद साहू, यशवंत साहू, सुजान यदु, मुरली पटेल, के.के. पांडेय, सुभाष नंद, शिवकुमार साहू, चोवाराम संतुराम साहू, प्रीत कुमार ध्रुव, गणेश गुरूंग, उम्मेद साहू, विष्णु प्रसाद मिश्रा, नरोत्तम साहू, गौकरण सिंह ठाकुर, उदेराम साहू, धरम दास मारकंडे, बोधन साहू, सरजू दास मानिकपुरी, चोवा सिंह ठाकुर, भुनेश्वर विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# मंडल, सेक्टर एवं कमेटियों के पुनर्गठन को लेकर खल्लारी विस में हुई कांग्रेसियों की महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी मंडल, सेक्टर एवं कमेटियों के पुनर्गठन के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक संपूर्ण हुई।

बागबाहरा स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित यह बैठक छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पुनर्गठन के लिए नियुक्त प्रभारीगण प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जॉइंट सेक्रेटरी एवं युवा आयोग के पूर्व सदस्य विनोद तिवारी, गुरमीत चावला एवं राजू यादव की उपस्थिति में हुई। बैठक में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक मंडल, सेक्टर और कमेटियों की वर्तमान स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया तथा आगामी रणनीति पर गहन विचार-विमर्श हुआ। संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय, प्रभावशाली और समावेशी बनाने की दिशा में कई सुझाव सामने आए। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का ढांचा तभी मजबूत होगा, जब स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ता संगठित रहेंगे और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। पुनर्गठन की यह प्रक्रिया पार्टी को आगामी चुनावों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर जिला सेवादल के अध्यक्ष नितिन बनर्जी, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविनिषाद, कोमाखान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पटेल, फिरोज मेमन, देवेश साहू, गणेश शर्मा, दुर्गा सागर, अंकित बागबाहरा, बसंता ठाकुर, मनोहर ठाकुर, राजेश सोनी, पवस सोनवानी, जयंतीलाल चंद्राकर, सेवाराम साहू, लखबीर छाबड़ा चंदूलाल साहू नंदकुमार निषाद आसाराम मोंगरे, सविता गोस्वामी, डुमरौतिन ठाकुर, अनोखी सेन सविता ठाकुर सफी मोहम्मद, जीवराखन निर्मलकर, भक्त राम मांझी, मनोहर पटेल, चंद्रहास साहू, चंद्रकला जांगड़े, मंता यादव , राजेश सिन्हा, खेमराज सिन्हा, तूफान दीवान दानेश्वर विश्वकर्मा



ढेलू चंद्राकर, ओंकार सिंह ठाकुर, चयन कौशिक, कबीर साहू, राहुल कुलदीप, मुकुंद सिन्हा, तुलाराम ठाकुर, ओमप्रकाश साहू, राजेंद्र शर्मा, राजेश त्रिपाठी, आशीष दीवान, मुंशीलाल साहू, शहजान पाशा, शमीम खान, मयंक शर्मा, धनराज चंद्राकर, कुंती महानंद, हीराराम टंडन, शैलेश साहू, उमेश साहू, कोमल महानंद, मोहन कुलदीप, भूषण साहू, डुमन लाल यादव, बड़ा खान, कामिनी चंद्राकर, सुनीता टांडी, लोकेश दीवान, गिरधर साहू, वाहिद खान, नरेंद्र जैन, सुनील व्यवहार, गिरवर साहू, पोखन महानंद, शिवचरण कुर्रे, रमेश साहू, ओमप्रकाश निषाद, किशोर ठाकुर, मेहत्तर मिर्धा, केशव साहू, मिथुन अमीर, गिरधर साहू, मिनेश्वर साहू, टेनू राम साहू, टीकमचंद जांगड़े, डिगेश्वर देवांगन, गोलू जैन, सुखरू राम साहू, प्रदीप यादव, शशांक श्रीवास, समीर खान, मनोज चंद्राकर, हरिशंकर यादव नेमीचंद साहू, अजोर ठाकुर, राजू जैन, हबेलाल यादव, पंचलाल बरिहा आदि मौजूद रहे।

# कालेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य करूणा दुबे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ.ईपी चेलक एनईपी संयोजक, डॉ. रीता पांडेय सहसंयोजक, अजय कुमार राजा एनईपी मास्टर ट्रेनर एवं डॉ. अजय कुमार देवांगन सदस्य के संयोजन में यह कार्यशाला प्रशिक्षण हुआ। आचार्य करुणा दुबे ने कहा कि विद्यार्थी जीई एवं वीएसी का चयन अपनी रुचि के अनुसार महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषय से करें आंतरिक मूल्यांकन एवं असाइनमेंट का रिकॉर्ड एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दस्तावेजों का संधारण सुनियोजित तरीके से करें।

कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों, अतिथि व्याख्याता एवं एंबेसडर को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्देशों से अवगत कराया गया एवं उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया। ताकि, प्राध्यापक एवं अतिथि व्याख्याता नवप्रवेशित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के बारे में जानकारी प्रदान कर सके। विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषय जेनेरिक इलेक्टिव, वैल्यू एडिशन कोर्स ,स्किल एनहैंसमेंट कोर्स, डिसिप्लिन स्पेसिफिक इलेक्टिव, एबिलिटी एनहैंसमेंट कोर्स के चयन एवं सतत आंतरिक मूल्यांकन के बारे में जानकारी प्रदान कर सके। ताकि विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विषय का चयन कर सके। महाविद्यालय में 5 अगसत को कला वाणिज्य विज्ञान एवं कंप्यूटर संकाय के स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इंडक्शन कार्यक्रम रखा गया है। जहां विद्यार्थियों द्वारा जेनेरिक इलेक्टिव वैल्यू एडिशन का चयन किया जाएगा।

तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को डिसिप्लिन स्पेसिफिक इलेक्टिव विषय का चयन महाविद्यालय में उपस्थित होकर करना है। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को इंडक्शन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विषय चयन करने के लिए निर्देशित किया गया है। अजय कुमार राजा द्वारा विषय पर मिलने वाले क्रेडिट की जानकारी दी गई। डॉ. ईपी चेलक ने स्नातक तृतीय सेमेस्टर में चयनित डिसीप्लीन स्पेसिफिक इलेक्टिव की जानकारी विस्तार से दी।

डा मालती तिवारी ने महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषयों की जानकारी दी। इस अवसर डॉ आरके अग्रवाल, प्रदीप कनहेर, केसर चंद बनपाल, आशुतोष पुरी गोस्वामी, डॉ प्रियंका सोनवानी, मुकेश साहू, कुंदन देवांगन, वेद देवांगन, डॉक्टर जीवन चंद्राकर, विजय गरिमा शिवानी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रीता पांडेय एवं आभार प्रदर्शन डॉ अजय कुमार देवांगन ने किया।

# महाविद्यालय में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग एवं महाविद्यालय एलुमनी समिति के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय वाणिज्यिक शिक्षा : वर्तमान चुनौतियां व नवाचार विषय पर अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, पूर्व विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं एलुमनी सदस्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय डॉ. अब्दुल करीम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. रीता पांडेय कला संकाय प्रमुख, प्रो. डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, डॉ. ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख, प्रो. अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य मंचस्थ रहे।

मंचस्थ अतिथियों का बैज लगाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार राजा द्वारा बताया कि वाणिज्य दिवस हर वर्ष अगस्त माह के पहले सोमवार को मनाया जाता है। पहला वाणिज्य दिवस 13 सितंबर 1894 को मनाया गया था, यह तारीख आइसलैंड की राजधानी रेक्जाविक में बड़ी दुकानों के यूनियनों और प्रबंधकों की एक बैठक में तय की गई थी। इस सार्वजनिक अवकाश का उद्देश्य व्यावसायिक कर्मचारियों को गर्मियों में एक दिन की छुट्टी देना था। वाणिज्य दिवस दुकानों के कर्मचारियों, व्यापारियों और औद्योगिक कर्मचारियों के बीच लोकप्रिय हो गया। समय के साथ, इसकी तारीखें सितंबर और अगस्त के बीच बदलती रहीं। अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य ने हमेशा से ही दुनिया को एक साथ लाने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और विभिन्न देशों के बीच समझ और सहयोग बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, हम न केवल व्यापार के लाभों का जश्न मनाते हैं, बल्कि उन चुनौतियों पर भी विचार करते हैं, जिनका सामना अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य को करना पड़ता है, जैसे कि निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं, सतत विकास और सामाजिक न्याय। हम एक ऐसे भविष्य की आशा करते हैं जहां अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य सभी के लिए समृद्धि और अवसरों को बढ़ावा दें।

मुख्य वक्ता प्रो. अब्दुल करीम ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा की महत्वपूर्ण शाखा है कला, विज्ञान एवं वाणिज्य। भारत में सबसे प्राचीन शिक्षा पद्धति कला है, उसके बाद विज्ञान एवं अंत में वाणिज्य है। शिक्षा को तीन कल में बांटा गया है, पहले जिसे भूतकाल, दूसरा विज्ञान जिसे भविष्य काल कहा गया। जिसके अंतर्गत 50 से 100 साल बाद क्या होगा उसका चिंता एवं उसका जो शिक्षा का स्तर कठिन रहेगा एवं भविष्य की चिंता करेगा, तीसरा वाणिज्य जिसे वर्तमान काल कहा गया है। जिसमें आजकल वर्तमान में घटनाएं घटित हो रही है। साथ ही बताया कि वाणिज्य का जन्म 1886 में अंग्रेजों की शासनकाल में स्कूल आफ कॉमर्स चेन्नई में हुई। कोलकाता में पहली बार 1903 में प्रेसिडेंसी कॉलेज पर स्नातक स्तर पर वाणिज्य की पढ़ाई प्रारंभ हुई। सन 1913- 14 में मुंबई, सन 1921 में लखनऊ में वाणिज्य की शिक्षा प्रारंभ हुई। भारतीय लेखांकन के जनक कल्याण सुब्रमणी को कहा जाता है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य की कोई निश्चित परिभाषा नहीं होती है, वाणिज्य में व्यापार एवं व्यापार से संबंधित सहायक कार्य का अध्ययन करना होता है। जिसके प्रमुख अंग स्वदेशी व्यापार, विदेशी बैंकिंग, बीमा, विज्ञापन एवं विक्रय का जान होना है। चुनौतियां एवं नवाचार पर विद्यार्थियों को बताया कि देवनागरी से अंग्रेजी अंकों का रुपए के चिन्ह में परिवर्तन, कंप्यूटर का उपयोग वाणिज्य में किया जा रहा है। जीएसटी, इनकम टैक्स, कैलकुलेटर, कम्प्यूटर से जुड़ना ये सभी नवाचार के अंतर्गत आता है। उसी प्रकार से चुनौतियां के अंतर्गत जो किताबें नष्ट या परिवर्तित हुए है उनकी किताबें उपलब्ध नहीं है। वर्तमान समय में जो सफल होना चाहते है वो सक्रिय नहीं है। कक्षाओं में पढ़ाई सीमित नहीं रह गई है। साथ ही संचार के माध्यम से भी पढ़ाई सीमित नहीं रही है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो.करुणा दुबे द्वारा विद्यार्थियों को बताया कि जो हमें वाणिज्य की महत्वपूर्ण भूमिका और इसके प्रभावों के बारे में जागरूक करता है। वाणिज्य न केवल आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह समाज के विभिन्न पहलुओं को भी प्रभावित करता है। वाणिज्य का महत्व-वाणिज्य के माध्यम से हम विभिन्न देशों और संस्कृतियों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं। यह आदान-प्रदान न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है, बल्कि यह हमें विभिन्न संस्कृतियों के बारे में जानने और समझने का अवसर भी प्रदान करता है। वाणिज्य की चुनौतियाँ - वाणिज्य के अपने चुनौतियाँ भी हैं, जैसे कि व्यापारिक असमानता, पर्यावरणीय प्रभाव और श्रम अधिकारों का उल्लंघन। हमें इन चुनौतियों का सामना करने और वाणिज्य को अधिक न्यायसंगत और स्थायी बनाने के लिए काम करना होगा।, वाणिज्य का भविष्य - तकनीकी नवाचारों और बदलते वैश्विक परिदृश्य के साथ जुड़ा हुआ है। हमें ई-कॉमर्स, डिजिटल भुगतान और अन्य तकनीकी नवाचारों को अपनाकर वाणिज्य को अधिक कुशल और सुलभ बनाने का प्रयास करना चाहिए। विश्व वाणिज्य दिवस पर, हमें वाणिज्य की महत्वपूर्ण भूमिका और इसके प्रभावों के बारे में जागरूक करना चाहिए। हमें वाणिज्य को अधिक न्यायसंगत और स्थायी बनाने के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के पूर्व जनभागीदारी व्याख्याता रोहित ढीमर, स्नातक प्रथम सेमेस्टर, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## भाजपा जिला कार्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** 3 अगस्त को भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि भाजपा का यह कार्यालय हम सभी के लिए मन्दिर के समान पवित्र और हमारी आस्था, विश्वास की कर्मस्थली है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को विश्वस्तरीय अभियान बनाया है, जिसमे हम सभी अपनी सहभागिता निभाते आ रहे है और पर्यावरण के साथ ही सम्पूर्ण प्राणियों की सुरक्षा के लिए स्वच्छ वातावरण का होना एक वरदान है। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने स्वच्छता को मानव जीवन के लिए अति आवश्यक बताते हुए कहा कि भाजपा संगठन के प्रमुख कार्यक्रमों में स्वच्छता अभियान महत्वपूर्ण अभियान है। इस कार्यालय के साथ समय समय पर भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मन्दिर, देवालय, सार्वजनिक, सामूहिक उपयोग के स्थलों पर भी अनवरत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाते आ रहे हैं।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, शहर महामंत्री मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, भाजपा पदाधिकारी शंकर चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, गोपाल वर्मा, महेन्द्र जैन, शरद राव, मनीष शर्मा, पार्षद माखन पटेल, नईम खान, पप्पू ठाकुर, गोविंद ठाकुर, सोनाधर सोनवानी, धनीराम यदु, लिलेश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### उद्योग-बैंकर्स संवाद पर कार्यशाला आज

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में 5 अगस्त को रैम्प (आरएएमपी) योजना अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह एसएचजी तथा कारीगरों को बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय सहायता से जोड़ने के लिए उद्योग-बैंकर्स संवाद पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला दोपहर 2.30 बजे शहर के रुद्री रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित होगी।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि बढ़ी

**धमतरी।** प्राकृतिक आपदा से किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए लागू की गई है। भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक फसल बीमा के लिए अधिसूचना जारी की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर अऋणी कृषकों के लिए 14 अगस्त तथा ऋणी कृषकों के लिए 30 अगस्त तक कर दिया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी कृषि या राजस्व कार्यालय से संपर्क कर समय-सीमा के भीतर फसल बीमा कराएं एवं योजना का लाभ उठाएं।

## निधन

### बिमला कंडरा



**महासमुंद।** स्थानीय शीतला मंदिर मठपुरैना (रायपुर) निवासी श्रीमती बिमला कंडरा 65 वर्षीय का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया। वे गंगाराम कंडरा की धर्मपत्नी, यशवंत, सोनू, मोनू, शुशील, सती कंडरा की माता एवं सरजू कंडरा, कंडरा समाज राजिम राज कंडरा समाज मीडिया प्रभारी व हरिभूमि महासमुंद जिला विज्ञापन प्रभारी लोचन कंडरा की मामी थीं।

### कार्यक्रम : खल्लारी में बिहान महिला वार्षिक सम्मेलन का आयोजन

# बिहान योजना से जुड़कर आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने दीदियों को किया संबोधित, आत्मनिर्भरता के लिए किया प्रेरित



जनपद पंचायत बागबाहरा अंतर्गत खल्लारी क्लस्टर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत वार्षिक आमसभा सह महिला सम्मेलन का आयोजन गरिमामय वातावरण में हुआ। यह आयोजन खल्लारी महिला संकुल संगठन द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य चंद्रकला साहू ने की। मंच पर विशिष्ट अतिथियों में जनपद सभापति भूमिका सिन्हा, जनपद सदस्य बलराम ध्रुव व भूपेंद्र दीवान, खल्लारी के पूर्व सरपंच रामलाल सिन्हा, मकबाहरा के पूर्व सरपंच रिंकू चंद्राकर, एवं जनपद पंचायत से एडीईओ एकल देव निषाद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुई, जिसके पश्चात अध्यक्ष चंद्राकर ने मंच से दीदियों को संबोधित करते हुए समूहों की सफलताओं और समस्याओं पर संवाद किया। उन्होंने खल्लारी क्लस्टर की महिलाओं द्वारा किए गए सफल कार्यों व योजनाओं को विस्तार से सुना और सराहा। अध्यक्ष ने बताया कि खल्लारी क्लस्टर के 25 पंचायतों के 47 ग्रामों में 625 स्व-सहायता समूहों के माध्यम से करीब 7500 महिलाएं बिहान योजना से जुड़कर आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा, आपकी यह संख्या एक बड़े मार्केट की तरह है। यदि हर परिवार किसी समूह का उत्पाद खरीदे, तो अपने आप एक स्थायी बाजार बन जाएगा। उन्होंने दीदियों को ऑनलाइन मार्केटिंग, पैकेजिंग, प्रचार-प्रसार के नए तौर-तरीकों की जानकारी दी और आत्मनिर्भर बनने के लिए उन्हें प्रेरित किया। साथ ही सभी को शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का वादा भी किया।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने समूहों की समस्याओं को भी सुना। इस दौरान कोमा और पतेरापाली पंचायत के बोहारडीह गांव की महिलाओं ने शराबबंदी की मांग प्रमुखता से रखी, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष चंद्राकर ने खल्लारी थाना में संपर्क कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए। चंद्राकर ने दीदियों की हर समस्या में साथ खड़े रहने का आश्वासन देते हुए क्लस्टर संगठन को आमंत्रण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के अंत में दीदियों ने उन्हें श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्राकर द्वारा पौधरोपण भी किया गया, जिसमें सभी दीदियों ने सहभागिता निभाई और इस सुनहरे पल को सामूहिक फोटो के रूप में संजोया गया। कार्यक्रम का समापन आत्मीय संवाद, प्रेरणादायी संबोधन और सामूहिक सहभागिता के साथ हुआ, जिसने खल्लारी क्लस्टर में बिहान की शक्ति और संभावनाओं को फिर से महिलाओं को उनके उचित अधिकार देना उन्हें सशक्त बनाने और जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प लिए।

### फैंसी राखियां



नर्रा। रक्षाबंधन भाई बहन का अटूट रिश्ता का पर्व है। यह पर्व 9 अगस्त को मनाया जाएगा। इसके लिए रंग बिरंगे फैंसी राखियों की दुकानें जगह-जगह सज गई है।

## बकरी पालन से आत्मनिर्भरता की ओर जय बड़ादेव महिला समूह की प्रेरक यात्रा

**महासमुंद।** जिले के गुलझर ग्राम की महिलाओं ने यह कर दिखाया है कि आत्मनिर्भरता का मार्ग दूर नहीं, बस सही दिशा, दृढ़ इच्छाशक्ति और सामूहिक प्रयास चाहिए। वर्ष 2019 में गठित जय बड़ादेव महिला समूह ने स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग कर अपने लिए आजीविका का स्थायी जरिया बनाया और अपनी आर्थिक हालात को नई दिशा दी। समूह की अध्यक्ष गोमती ध्रुव बताती हैं कि प्रारंभ में उन्होंने बकरी पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाया।



क्योंकि ग्रामीण परिवेश में बकरी पालन के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण और जानकारी की आवश्यकता दूसरे व्यवसायों के मुकाबले कम था। उनके अनुसार बकरी पालन सिर्फ पशुपालन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की नई राह बन गई। उन्होंने बताया कि बिहान योजना के अंतर्गत उन्होंने 1 लाख रुपए की प्रारंभिक राशि का ऋण लिया। नियमित किस्तों और बेहतर आय के चलते वे ऋणमुक्त हुईं और आगे चलकर 2 लाख तथा फिर 4 लाख का ऋण लेकर व्यवसाय का विस्तार किया। नियमित ऋण अदायगी से समूह को 15 हजार रुपए का आरएफ और 60 हजार रुपए का सीआईएफ भी मिला। आज समूह की 8 महिला सदस्यों के पास चार से पाँच बकरियाँ हैं। वे न केवल बकरी पालन कर रही हैं, बल्कि उससे उत्पन्न बकरी खाद को तैयार कर बेचकर प्रति माह 4 से 5 हजार रुपये तक की अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। बकरी खाद की गुणवत्ता और जैविक प्रकृति के कारण इसकी मांग पुणे जैसे बड़े शहरों में भी बनी हुई है।



### सेवानिवृत्त अधिकारियों को दी विदाई

**महासमुंद।** सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ महासमुंद द्वारा रविवार को सेवानिवृत्त अधिकारियों का विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 04 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों जीएन सिदार, एनसी सिदार, केएस ठाकुर, जीएस ध्रुव को विदाई दी गई। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने सेवा अवधि में किए गए कार्यों का अनुभव साझा किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष सीआर साहू, उपाध्यक्ष एलएल साहू, उपाध्यक्ष जेएल बाघ, प्रांतीय संगठन सचिव गोपाल चंद्र भोई ने उनके कार्यों की सराहना की। आभार प्रदर्शन प्रकाश पंडा व मनोज कुमार ध्रुव ने किया।



### शिवालयों में सोमवार को श्रद्धालुओं की रही भीड़

**नर्रा।** सावन माह के अंतिम व चौथे सोमवार को शव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पूजन अर्चन के लिए सामग्री मां दूध, बेलपत्र, फूल पान, धूप अगर बत्ती नारियल इत्यादि लेकर भगवान भोलेनाथ का जलभिषेक किया गया।



### बीकेबाहरा में हुई शालेय क्रीड़ा टेबल टेनिस स्पर्धा

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीके बाहरा ब्लॉक बागबाहरा में विकासखण्ड स्तरीय शालेय क्रीड़ा टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें 17 और 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। उनकी अगामी प्रतियोगिता 11 अगस्त को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीकेबाहरा में आयोजित होगी। प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन अगली प्रतियोगिता के लिए किया गया है। कार्यक्रम में शाला एवं विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्रोण पटेल, संस्था के प्राचार्य अंकित चन्द्राकार, अजय चंद्राकर व्याख्याता, बसंत कुमार मांझी व्यायाम शिक्षक एवं पुरुषोत्तम ध्रुव व्यायाम शिक्षक मौजूद रहे। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीकेबाहरा के 03 बालक, 04 बालिकाओं तथा सीनियर वर्ग में 02 बालिकाओं का चयन हुआ है।



### कांवरियों की सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** पुरातात्विक स्थल सिरपुर में साहू युवा मंच द्वारा आयोजित कांवरियों की सेवा कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस अवसर पर पार्षद पीयूष अमृत साहू, डॉ. देवेंद्र साहू, ढालूराम साहू, नंदू साहू, विकास साहू, डॉ तरुण साहू, विनय साहू, मनीष साहू, सुभाष साहू, रत्नेश साहू, सीतेश साहू, जितेंद्र साहू, चंदन साहू, केशव राम साहू, अजय साहू आदि उपस्थित रहे। इसी तरह ग्राम लचकेरा स्थित लचकेश्वर नाथ मंदिर में सावन मास के अंतिम सोमवार को जलाभिषेक कार्यक्रम में नपाध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों उन्हें भगवान शिव का चित्र व श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया। नपाध्यक्ष साहू ने भगवान लचकेश्वर नाथ की पूजा कर ग्रामवासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। कार्यक्रम में सरपंच अरुण ध्रुव, उदय राम निषाद (उपसरपंच), यदु राम साहू, विज्जू सिन्हा, रूपेश साहू, सुरेश निषाद, पप्पू साहू, यादराम यादव, मुकेश ध्रुव आदि उपस्थित थे।

# 18 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान, इस बार आपातकालीन सेवाएं भी रहेंगी बंद

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों की प्रांत स्तरीय बैठक में लिया गया निर्णय, मांगों को लेकर करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की प्रांत स्तरीय बैठक राजधानी रायपुर स्थित गुरु घासीदास प्लाजा में रविवार को प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमित मिरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश महासचिव कौशलेश तिवारी, डॉ रविशंकर दीक्षित, पूरन दास ने जानकारी दी कि इस महत्त्वपूर्ण बैठक में प्रदेशभर से सभी जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं नेतृत्वकर्ता प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लगभग 6 घंटे चली इस मैराथन बैठक में आगामी रणनीति पर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिसके बाद यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया कि यदि 15 अगस्त 2025 तक सरकार की ओर से मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 18 अगस्त 2025 से प्रदेशभर के 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार एवं कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे। इस बार संघ ने आपातकालीन सेवाओं को भी पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में संघ द्वारा शासन को पूर्व में ही सूचना दे दी गई है।

### एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

संविलियन/स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27% प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख कैशलेस चिकित्सा बीमा।

### 20 वर्षों की सेवा, फिर भी उपेक्षा

एनएचएम कर्मचारी विगत 20 वर्षों से प्रदेश के सुदूर अंचलों से लेकर प्रमुख शासकीय संस्थानों में स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बने हुए हैं। कोविड-19 महामारी जैसे संकट में भी इनकी भूमिका अतुलनीय रही है। इसके बावजूद, आज भी उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है, जबकि अन्य राज्यों में इसी मिशन के कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हैं।

### राजनीतिक समर्थन और अब की उपेक्षा

संघ के प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने बताया कि मौजूदा सरकार के कई वरिष्ठ नेता जैसे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी व विजय शर्मा पूर्व में एनएचएम कर्मचारियों के मंचों पर आकर समर्थन देते रहे हैं। मोदी की गारंटी में नियमितीकरण का वादा भी किया गया था। बावजूद इसके, पिछले डेढ़ सालों में 155 से अधिक ज्ञापन व आवेदन देने के बाद भी सरकार की ओर से कोई समाधान नहीं निकल पाया।

### स्वास्थ्य सेवाएं होंगी प्रभावित

अब कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य हैं। सरकार से आग्रह है कि वह तत्काल संवाद स्थापित करे, जायज़ मांगों पर निर्णय ले, अन्यथा छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह बेपटरी हो सकती हैं। यह जानकारी संघ के महासमुंद जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने दी है।

## ओम नमः शिवाय का जाप गूंजा कौशिक कॉलोनी में, दिव्य जीवन संघ का आयोजन

**महासमुंद।** स्वामी शिवानंद आश्रम ऋषिकेश से जुड़े संस्था दिव्य जीवन संघ महासमुंद ने योग, अध्यात्म एवं धर्म के गतिविधियों में विगत 30 वर्षों से अपना योगदान शहर सहित आसपास ग्रामीण इलाके में दे रहे हैं। श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार को शिव मंदिर में ओम नमः शिवाय का जाप सभी सदस्य करते हैं। इस वर्ष पहले सोमवार को दलदली, दूसरे सोमवार को कनेकेरा, तीसरे सोमवार त्रिमूर्ति कॉलोनी और अंतिम सोमवार कौशिक कॉलोनी में सुबह 7 से 8 बजे तक तक जाप चलता रहा।



इस दौरान दौलत चंद्राकर, सागर, तारेन्द्र चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर दाऊलाल चंद्राकर, परमानंद बजाज, संजीव साहू, दिलीप क्षत्रिय, चोइथराम राजपाल, दीपक अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, विजय नंदवानी, लालदास मनिकपुरी, देवेंद्र चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, कोमल गुप्ता, त्रिलोक चंद्राकर , केआर चंद्राकर, हेमलाल ठाकुर, चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर , विजय कुमार पाहूजा, निरंजना चंद्राकर, सरला सूचक, प्रतीक्षा चंद्राकर, हेमलता साहू, नेहल सूचक, सविता चंद्राकर, किरन चंद्राकर, सिखा साहू, ईश्वरी चंद्राकर, सुशीला क्षत्रिय, शशिप्रभा चंद्राकर, पूर्णिमा साहू, तृषा चंद्राकर, देवकुमार साहू, हेमंत बोथरा, देवकुमार साहू, प्रकाश चंद्राकर, हरेकृष्ण भार्गव, अजय गुप्ता, परमानंद चंद्राकर, रामनिवास चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक आज

**महासमुंद।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला महासमुंद की मासिक बैठक 5 अगस्त को दोपहर 2 बजे आयोजित की गई है। बैठक में नवीन सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। ऐसे सदस्य जिनका जन्मतिथि इस महीने में है, उनका जन्मदिन मनाया जाएगा। 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है उनका सम्मान किया जाएगा। सावन महीने में संघ के सदस्यों द्वारा किसी शिवालय के दर्शन की तैयारी के संबंध में चर्चा एवं पावस ऋतु में विविध कार्यक्रम पर विचार, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा पेंशनर फोरम की गठन किया गया है, पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण संबंधी जानकारी दी जाएगी। 2026 में प्रांतीय सम्मेलन के लिए 200 रुपए मासिक किस्त जमा की जानकारी दी जाएगी। उक्ताशय की जानकारी कार्यालय सचिव बी आर ध्रुव ने दी है।

# मोदी की गारंटी को लेकर पिथौरा एवं सरायपाली में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ की बैठक महासमुंद जिला के पिथौरा एवं सरायपाली में हुई। जिलाध्यक्ष रामकुमार अगासे एवं जिला महामंत्री प्रहलाद सिंह क्षत्रिय के अगुवाई में बैठक रखा गया था। जिलाध्यक्ष अगासे ने बताया कि दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का लंबित मांग नियमितीकरण, स्थायीकरण, आकस्मिक्ता कार्यभारित सहित 09 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार 48 दिनों तक अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहे। वन मंत्री द्वारा आकस्मिक्ता कार्यभारित सेवा नियम 2024 लागू करने तथा स्थायीकरण किये जाने के संबंध में सहमति बनी और दोनों मांगों को दीपावली के पूर्व ही लागू किये जाने का आश्वासन दिया गया था। जिसके आधार पर हड़ताल स्थगन हुआ था। लेकिन, जिस प्रकार से पूरे वर्षभर बीत गए न आकस्मिकता कार्यभारित लागू किया गया न स्थायीकरण किया गया है। जिसके कारण दैनिक वेतनभोगी, वाहन चालक, परिचालक, कार्यालय सहायक, दैनिक श्रमिक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिकों में काफी नाराजगी है।

महामंत्री प्रहलाद क्षत्रिय ने बताया कि अगर सरकार हमारे मांगों पर जल्द पहल नहीं करती है तो पुनः अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने के लिए हम सब बाध्य रहेंगे। पिथौरा काष्ठागार में आयोजित इस बैठक में सभी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि अगर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो हम सब अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिये तैयार है। सरायपाली, बसना में भी दैनिक वेतनभोगी एकजुटता का परिचय दिये है, वहां भी दैनिक वेतनभोगी अनिश्चित कालीन हड़ताल के लिए तैयार हैं। वित्त विभाग में जो प्रस्ताव भेजा गया है उसे अगर पारित नही किया जाता है तो लामबंद होने की तैयारी पूरे छत्तीसगढ़ में चल रही है। प्रदेश महामंत्री राजकुमार चौहान ने समस्त दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी को एकजुट रहने के लिए प्रेरित किया।

# वृंदावन स्कूल में हरेली पर्व पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय 2 अगस्त शनिवार को छत्तीसगढ़ का प्रथम व प्रमुख त्योहार के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विविध पारंपरिक खेल व छत्तीसगढ़ महतारी का पूजन व वंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र व कृषि औजारों की पूजन वंदन संस्था के चेयरमैन एमआर विश्वनाथन एवं संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा किया गया। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने सुमधुर आवाज में राज्यगीत गायन किया गया।

सुजाता ने छत्तीसगढ़ी लोक भाषा में संबोधन कर कहा कि छत्तीसगढ़ की सभ्यता एवं संस्कृति इस प्रांत की पहचान है। इस देश की माटी में हरे-भरे लहलहाती फसल से सुख शांति का वातावरण चहुंओर बिखरा है। एमआर विश्वनाथन ने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया व जय जवान जय किसान नारे के साथ संबोधित करते हुए कहा कि-यह सावन माह कृष्ण पक्ष की अमावस्या व खरीफ फसल की शुरूआत के साथ मनाया जाता है। यह बच्चों के उत्साह व हर्ष पर्व है, गेडी, भौरा, बाटी, फुगडी.जैसे विविध खेलो का आनंद लेते है। इस दिन गाय-बैलों को जड़ी-बूटी बरगंडा आटे की लोई में खिलाते है। उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका रेखा साहू, होमेश साहू ने हरेली पर्व पर अपने-अपने विचार प्रकट करे हुए गीत गाए।



छात्र-छात्राओं द्वारा विविध रंगारंग सांस्कृतिक गीत, भाषण, कविता, नृत्य के माध्यम से हरेली पर्व का महत्व बताया। गेडी निर्माण, फुगड़ी, भौरा, बाटी चलाना, म्यूजिकल चेयर आदि का आयोजन कर बच्चों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति, सभ्यता से जोड़ने का प्रयास किया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य रत्ना साहू, पूर्व शिक्षिका साधना राठौर, एम रंजनी एवं पालकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण साहू एवं आभार प्रदर्शन संध्या सोनी ने किया। बाद सभी प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अमृत चंद्राकर, रेखा साहू, वर्षा चंद्राकर, भूमिका वर्मा, संध्या सोना, चंदना सोनी, सुषमा साहू, नीरू माझी, अमन वर्मा, होमेश साहू, रिंकी कुर्रे, हीना खान, शुभ्रा अग्रवाल, नंदिनी साहू, स्वाति ठाकुर, अंशु यादव, हेमलता वर्मा, मीनाक्षी पाड़े, आरती गुप्ता, संगीता साहू, तुषार निर्वाण, दीपक पटेल आदि मौजूद रहे।

## श्रावण मास के चतुर्थ एवं अंतिम सोमवार को रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में शामिल हुए विधायक योगेश्वर

**महासमुंद।** विधायक कार्यालय परिसर में एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में श्रावण के चतुर्थ एवं अंतिम सोमवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सपत्नीक शामिल हुए। पूजा अर्चना कर उन्होंने महादेव से क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। वहीं श्रावण सोमवार पर रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन के साथ रुद्राक्ष वितरण भी हुआ। श्रावण के चतुर्थ सोमवार की सुबह 8 बजे से वेदी पूजा की गई। मंत्रोच्चार के साथ पुरोहितों ने पूजन विधि संपन्न करवाई। पश्चात पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक हुआ। शाम में हवन पूजन हुआ। इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा कि श्रावण का पवित्र मास चल रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन के दौरान रुद्राक्ष का वितरण किया जा रहा है। श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार को पूजा स्थल में रुद्राक्ष वितरण किया गया। इस वर्ष भी श्रद्धालुगण श्रावण के पवित्र मास में आयोजित महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### शिवलिंग पूजन में शामिल हुए देवीचंद

**महासमुंद।** श्रीमद् भागवत आयोजन समिति द्वारा श्रावण मास में जनकल्याणार्थ के लिए सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक पंचशील क्लब में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल होकर भगवान शिव की पूजा की। आयोजन समिति के प्रमुख नगर पुरोहित पंकज महाराज, उनकी पूरी टीम एवं शहर के शामिल नागरिकों को सार्वजनिक जनकल्याण के लिए कराए जा रहे शिव अभिषेक कार्य को सराहा।



### भजन संध्या व सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपाई

**महासमुंद।** श्रावन मास के अंतिम सोमवार को गंधेश्वर धाम सिरपुर में जल चढ़ाने के लिए श्वेत गंगा बम्हनी से हजारों की संख्या में कांवर यात्री लगातार सिरपुर पहुंचे। शिवभक्तों द्वारा भजन संध्या एवं सेवा के कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद सीता डोंडेकर, रामेश्वर पटवा, श्यामदास मानिकपुरी शामिल हुए। देवीचंद ने कहा कि श्रावण मास में शहर मिनी बैजनाथ धाम बन जाता है। चारों तरफ भगवा वस्त्रों में कांवरिए दिखाई देते है।



### बोलबम कांवरियों को दवा का वितरण

**महासमुंद।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बोल बम कांवरियों का मलहम पट्टी कर दवा वितरण किया गया। श्वेत गंगा बाबा बम्हनेश्वर नाथ बम्हनी से जल लेकर शिव भक्त बोलबम कांवरिए हजारों की संख्या में पैदल यात्रा करते हुए बाबा गंधेश्वर धाम सिरपुर पहुंचे। जहां भाजपा युवा नेता कमल नारायण साहू एवं एस कुमार साहू (भोरिंग) द्वारा बोल बम कांवरियों को दर्द निवारक दवा वितरण कर उनके पैरों पर पड़े छालों की मलहम पट्टी कर सेवा किया गया।

### तेज धूप के कारण सेहत पर पड़ रहा असर

**नर्रा।** सावन का महीना बीतने में कुछ दिन शेष है। जबकि इस महीने में बारिश का समय है, लेकिन सुबह से ज्येष्ठ बैशाख की महीने जैसी तेज धूप निकल रही है। इन दिनों उमस भरी गर्मी से लोग परेशान है और कूलर पंखे की सहारा लेना पड़ रहा है। इसका असर सीधे लोगों के सेहत पर पड़ रहा है। सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज क्षेत्र में बढ़ने लगे है। इलाज के लिए दवाखाना पहुंच रहे हैं।



### खरोरा के तारकेश्वर मंदिर में प्रसाद वितरण

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सावन महीना के चौथे सोमवार को तारकेश्वर मंदिर में तारकेश्वर महादेव की पूजा अर्चना सुबह 7 बजे किया गया। भक्तों के लिए सावन का महीना बेहद खास होता है। इस महीने में देशभर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिलता है। सनातन धर्म में इस महीने को बहुत ही पवित्र माना गया है। साथ ही यह समय महादेव की आराधना के लिए सर्वोत्तम माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि सावन सोमवार पर महादेव की पूजा करने से प्रसन्न हो जाते हैं। भक्तों ने देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना करने से सभी कृपा प्राप्त हेते है। सावन के चौथे सोमवार पर राशि अनुसार महादेव का अभिषेक करें, सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होती है।

# शिव मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब, नेटवर्क और यातायात प्रभावित

## श्रावण माह का अंतिम सोमवार, जलाभिषेक करने दूर-दूर से आते हैं कावरिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

श्रावण माह का अंतिम सोमवार भंवरपुर के प्रसिद्ध शिव मंदिर में भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम बन गया। इस पावन दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, जिससे मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्तों से खचाखच भर गया। हर-हर महादेव के जयघोषों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। हालांकि, भारी भीड़ के कारण क्षेत्र में जियो का नेटवर्क ठप हो गया और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। सावन माह में शिव भक्तों के लिए सोमवार का विशेष महत्व होता है। इस साल का अंतिम सोमवार होने के कारण भंवरपुर शिव मंदिर में सुबह तड़के से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। गंगा जल, बेलपत्र, और दूध से भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए भक्तों में गजब का उत्साह देखा गया। बता दें कि इस बार श्रद्धालुओं की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक थी। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण और भजनों की स्वरलहरियों ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। भंवरपुर के इस प्राचीन शिव मंदिर में दूर-दूर से आए कांवड़िए भी गंगा जल लेकर पहुंचे। कई भक्तों ने तो रविवार रात से ही मंदिर के बाहर डेरा डाल लिया था ताकि वे सुबह सबसे पहले भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक कर सकें।

### दिनभर ठप रहा नेटवर्क

इसी बीच, भारी भीड़ के कारण जियो का नेटवर्क पूरी तरह ठप हो गया। कई श्रद्धालुओं ने बताया कि वे अपने परिजनों से संपर्क नहीं कर पा रहे थे। लोगों ने बताया कि जियो का नेटवर्क सुबह से ही काम नहीं कर रहा था। कॉल और मुख्य रुप से इंटरनेट दोनों ही बंद थे, जिससे काफी परेशानी हुई। माना जा रहा है कि एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोगों के मोबाइल उपयोग के कारण नेटवर्क पर दबाव बढ़ गया।



### भारी भीड़, यातायात हुई प्रभावित

यातायात व्यवस्था भी इस धार्मिक उत्सव से प्रभावित हुई। मंदिर के आसपास के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने यातायात को नियंत्रित करने के लिए जवानों को तैनात किया। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि भारी भीड़ के कारण उनका व्यवसाय तो बढ़ा, लेकिन यातायात की अव्यवस्था से उन्हें भी असुविधा हुई। श्रावण माह का यह अंतिम सोमवार भंवरपुर के लिए एक अविस्मरणीय दिन बन गया। भले ही नेटवर्क और यातायात की समस्याओं ने कुछ असुविधाएं पैदा की, लेकिन भगवान शिव के प्रति भक्तों की अटूट आस्था और उत्साह ने इस दिन को विशेष बना दिया।

## समस्या : बसना मोड़ से भंवरपुर-सागरपाली मार्ग बना जानलेवा

# बजट में शामिल, प्रशासकीय स्वीकृति के अभाव में सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाली बसना मोड़ से भंवरपुर-सागरपाली सड़क को बजट में जोड़े हुए छह महीने बीत चुके हैं, और प्रशासकीय स्वीकृति के अभाव में सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। यह स्थिति न केवल स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है, बल्कि सरकार की लापरवाही और नौकरशाही की सुस्ती का जीता-जागता सबूत भी है।


**गड्ढों की सड़क, जनता की पीड़ाः** स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस सड़क पर एक हजार से अधिक गड्ढे हैं, जिनमें से कुछ इतने गहरे हैं कि छोटे वाहन तक उनमें फंस जाते हैं। बारिश के मौसम में ये गड्ढे पानी से भर जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है। यह सड़क न केवल आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित कर रही है, बल्कि बच्चों के स्कूल जाने, मरीजों के अस्पताल पहुंचने, और दैनिक जीवन की बुनियादी जरूरतों को भी बाधित कर रही है।



एक हजार से अधिक गड्ढों का यह सड़क, पेंच मरम्मत के नाम पर हुई बस खानापूर्ति

### 80 लाख में की गई थी सड़क की मरम्मत

इस सड़क की हालत को सुधारने के लिए कुछ महीने भर पहले ही पेंच मरम्मत का काम किया गया था। 6/डीएल वर्ष 2024-25 जिला महासमुंद के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत 01 राज्य मार्ग एवं 02 मुख्य जिला मार्ग में डब्लू एमएम एवं बीटी पेंच मरम्मत के लिए कुल 80 लाख रुपए की राशि जारी हुई थी। जिसमें यह सड़क भी शामिल था। बता दें कि तात्कालीन उप अभियंता अरविंद देवांगन की देखरेख में ठेकेदार के द्वारा पेंच मरम्मत का कार्य कराया गया। लेकिन, यह मरम्मत इतनी खराब थी कि पहली बारिश में ही सड़क की हालत पहले से भी बदतर हो गई।


कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक निर्माण विभाग, "निर्माण भवन"
सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़) 492002
दूरभाष : (0771) 2512734 ईमेल : eincpwd-wr@cg.gov.in

प्रति,
सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन लोनिवि
मंत्रालय महानदी भवन,
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

विषय :- वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला महासमुन्द के बसना-भंवरपुर-सागरपाली (मुख्य जिला मार्ग क्र.-290) के कि.मी. 01 से 18/6 = 17.70 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने बाबत्।

संदर्भ :- वर्ष 2024-25 का बजट मद क्र. 2077 मांग संख्या 24/5054(4557)

वर्ष 2024-25 के बजट मद क्र. 2077 में शामिल जिला महासमुन्द के बसना-भंवरपुर-सागरपाली (मुख्य जिला मार्ग क्र.-290) के कि.मी. 01 से 18/6 = 17.70 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य हेतु रू. 3336.22 लाख का प्राक्कलन आपकी ओर सादर सम्प्रेषित है।

कृपया उक्त कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर इस कार्यालय को सूचित करना चाहेंगे।

सहपत्र :- प्राक्कलन दो प्रतियों में।

प्रमुख अभियंता
लो.नि.वि. नवा रायपुर
अटल नगर (छ.ग.)

### प्रशासकीय स्वीकृतिः नौकरशाही का जाल

सड़क के चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य के लिए 33 करोड़ की राशि वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल किया गया था, लेकिन अब तक 7-8 माह बीत जाने के बाद भी इसको प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिल पाया है। इस सड़क को बनने के लिए अभी प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार है। जानकारों का कहना है कि प्रशासकीय स्वीकृति की प्रक्रिया इतनी जटिल और लंबी है कि काम शुरू होने से पहले ही बजट फंड लैप्स होने का खतरा मंडराने लगता है।

## सशिमं में विद्यार्थियों के बनाए 111 पार्थिव शिवलिंगों का पूजन सोत्साह



कला शिक्षा के अंतर्गत मिट्टी के इन पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण विद्यार्थियों ने किया, विद्यार्थियों को भारतीय परंपरा और संस्कृति से परिचित कराना इस आयोजन का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

पवित्र श्रावण मास के अवसर पर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में सोमवार को 111 पार्थिव शिवलिंग का पूजन कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। विद्यालय में अध्ययनरत भैया-बहनों ने कला शिक्षा के अंतर्गत मूर्ति कला में मिट्टी से शिवलिंग बनाकर पूजन विषय के अंतर्गत मिट्टी के इन पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया था। इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय परंपरा और संस्कृति से परिचित कराना इस आयोजन का उद्देश्य था।

इस कार्यक्रम में कक्षा अरुण से द्वादश के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेकर आकर्षक 111 शिवलिंगों का निर्माण कर विद्यालय में लाए और विद्यालय में इन पार्थिव शिवलिंगों का पूजन पूरे विधि-विधान से किया गया। पूजन कार्यक्रम विद्यालय की वरिष्ठ आचार्य सिम्मी दुबे ने संपन्न करवाया और विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर व उनकी पत्नी गायत्री निर्मलकर पूजन कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहीं। सभी भैया/बहिनों के साथ मिलकर पूजन और आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य निर्मलकर ने भैया/बहिनों को पूजन के महत्व के बारे में बताया कि पार्थिव शिवलिंग पूजन करने से धन-धान्य, आरोग्य की प्राप्ति के साथ ही शारीरिक और मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। उक्त पूजन कार्यक्रम में सभी आचार्य/दीदी, भैया/बहिन एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## नगर पालिका के पेंशनरों ने की पहली तारीख को पेंशन भुगतान की मांग

**महासमुंद।** 3 अगस्त को नगर पालिका पेंशनर्स संघ महासमुंद की बैठक आहूत की गई। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि 16 माह पूर्व पूर्ववर्ती सरकार द्वारा प्रतिमाह 1 तारीख को पेंशन भुगतान हो जाया करता था, किंतु पिछले 16 माह से नगरीय निकाय के पेंशनरों को पेंशन भुगतान में विलंब किया जा रहा है, जिससे पेंशनरों में नाराजगी है। पेंशन नहीं, पेंशनरों के बीमारी में इलाज एवं घरेलू खर्च का माध्यम है। अतः पूर्ववर्ती सरकार की तरह स्थानीय निकाय के पेंशनरों को प्रतिमाह नियमित रूप से पहली तारीख को पेंशन भुगतान किया जाए शासकीय पेंशनरों को वर्तमान में 53 प्रतिशत महंगाई राहत का लाभ दिया जा रहा है, इसके विरूद्ध नगरीय निकाय के पेंशनरों को 50 प्रतिशत महंगाई राहत दी जा रही है। शासन की इस उपेक्षापूर्ण कार्रवाई से नगरीय निकाय के पेंशनर्स अत्यंत दुखी है। शासकीय पेंशनरों के अनुरूप निकाय पेंशनरों को भी 53 प्रतिशत महंगाई राहत का लाभ मय-एरियर्स भुगतान किया जाए। स्थानीय निकाय के प्रांतीय सम्मेलन में विगत वर्ष लिए गए निर्णय के परिपेक्ष्य में शासन का ध्यान आकर्षित कराते हुए विभिन्न नगरीय निकायों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों (पेंशनरों) को एल्डरमैन पद पर नियुक्ति में प्राथमिकता प्रदान करने का निवेदन करते हुए नगर पालिका परिषद महासमुंद से सेवानिवृत्त राजस्व उपनिरीक्षक (वर्तमान में नपा पेंशनर्स संघ महासमुंद के अध्यक्ष एवं प्रांतीय संगठन एव प्रचार मंत्री है) को एल्डरमैन पद पर नियुक्ति में प्राथमिकता प्रदान करने शासन प्रशासन को मांग पत्र प्रेषित किया गया है। उक्त जानकारी नगर पालिका पेंशनर्स संघ के सचिव रामकुमार लोधी ने दी है।

## सोरम सिंघी संकुल में शिक्षकों का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** शालाओं में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की पदस्थापना हुई। संकुल स्त्रोत केंद्र सोरम सिंघी के तरफ से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल के समस्त शिक्षक शामिल हुए। शिक्षिकाओं में नूतन दुबे, प्रतिभा साहू, ममता प्रधान, जवाहर निषाद, राधेश्याम चंद्राकर, मुकेश कुमार ध्रुव का सम्मान किया गया एवं शिवकुमार दीवान को विदाई दी गई। नवाचारी शिक्षक भूपेंद्र चंद्राकर को नवाचारी गतिविधि समूह द्वारा शिक्षक रत्न के पुरस्कार से अलंकृत हुए। दौलत राम निषाद, श्रीधर राव के अथक प्रयासों से एक बच्चे का नवोदय में चयन हुआ। इनके अच्छी शिक्षा के लिए सम्मानित किया गया। प्राचार्य रामू दास निराला, संकुल समन्वयक पीतांबर राव पाठक, राजेंद्र कुमार साहू, तुलसीराम नेताम, रूपसिह दीवान, जितेंद्र ठाकुर, संतोष कुमार दीवान, तोरण कुमार ध्रुव, रोहित कुमार पटेल, भीखम कश्यप, आलोक चंद्राकर, शबनम मिर्जा, ताराचंद चंद्राकर, राकेश कुमार चंद्राकर, पंकजनी सिंह, हरिहर सिंह साहू, राजेश दीवान, बालेश्वर साहू, लोकेश्वर मोगरे, रेखराज देवांगन, देवनाथ पटेल, गोमती साहू आदि मौजूद रहे।

## प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ने मनाया रक्षाबंधन का पर्व



**महासमुंद।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा स्थानीय प्रेस क्लब में पवित्रता, सादगी और भाईचारे का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस स्नेह मिलन कार्यक्रम में सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी एवं सुमन बहन ने प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं हरिभूमि ब्यूरो चीफ रत्नेश सोनी को आत्मस्मृति का तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा और ईश्वरीय प्रसाद खिलाया और इस पवित्र पर्व के कुछ आध्यात्मिक रहस्य बताए। रक्षाबंधन पर्व नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहने का संकल्प लेने का पर्व है। यह पर्व परमात्मा से जुड़ने और मनोविकारों से मुक्त होने का पर्व है। यह पर्व सुख शांति की जननी (पवित्रता) का व्रत लेने का पर्व है।

# बागबाहरा ब्लॉक में सुपर 40 संस्था ने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कमर कसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूली बच्चों को बेहतर प्रतियोगी वातावरण उपलब्ध कराने और परीक्षा की बारीकियों से अवगत कराने बागबाहरा विकासखंड में शिक्षा विभाग द्वारा अभिनव पहल की जा रही है। जिसके अंतर्गत इस वर्ष भी सुपर 40 संस्था द्वारा नवोदय प्रवेश परीक्षा एवं प्रयास प्रवेश परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड बागबाहरा सहित अन्य विकासखंडों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रयास प्रवेश हेतु 450 तथा नवोदय प्रवेश हेतु 400 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक परीक्षा दी। इस परीक्षा के आधार पर संस्था में सत्र 2025-26 हेतु 40-40 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें ग्रीष्मकालीन अवकाश में निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। विद्यार्थियों का अध्यापन सत्र 15 अगस्त



पश्चात प्रारंभ होगा। विगत वर्ष 40 बच्चों का चयन हुआ था। जिसमें 02 नवोदय में एवं 38 बच्चों का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ था। संस्था की सफलता से प्रभावित होकर अभिभावकों ने इस परीक्षा को अपने पाल्यों हेतु विशेष अवसर के रूप में देखा।

इसी क्रम में पीएमश्री सेजेस विद्यालय बागबाहरा में प्रवेश के लिए विशेष टेस्ट का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में न केवल बागबाहरा अपितु अन्य विकासखंडों से भी पांचवी एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें शासकीय एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। अनुविभागीय अधिकारी बागबाहरा उमेश कुमार साहू ने संस्था के प्रयासों का प्रशंसा करते हुए कहा कि सुपर 40 जैसी पहल ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धी वातावरण देकर नवोदय एवं प्रयास जैसी संस्थाओं में प्रवेश हेतु सक्षम बनाती हैं। उन्होंने कहा कि सफलता शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ अभिभावकों के सहयोग एवं घर के वातावरण पर भी निर्भर करती है।

# कुष्ठ रोग पूर्व जन्म का पाप या बुरे कर्मों का फल नहीं है बल्कि जीवाणु से होने वाला एक साधारण रोगः आरएचओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढ़ई, खंड कार्यक्रम प्रबंधक हेमकुमार सोनकर, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ग्राम नर्रा में विशेष कुष्ठ खोज अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला घर घर जाकर लोगों को कुष्ठ रोग के विषय में जागरूक कर रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति के शरीर का जांच कर रहे हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य यह है कि समय पर कुष्ठ रोगी की पहचान हो सके और विकृत आने से बचा जा सके।



आ र ए च ओ डिगेंद्र परमार ने कुष्ठ रोग की जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग पूर्व जन्म का पाप, देवी प्रकोप या बुरे कर्मों का फल नहीं है, बल्कि जीवाणु से होने वाला एक साधारण रोग है। यह रोग त्वचा एवं तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है तथा उपचार से पूर्णतया ठीक हो जाता है जैसे अन्य बीमारियां ठीक हो जाती हैं। यदि इस रोग का उपचार शीघ्र प्रथम लक्षण दिखते ही शुरू कर दिया जाए तो अक्षमता और विकृति से भी बचाव हो सकता है। उपचार शुरू होते ही प्रभावित व्यक्ति अन्य स्वस्थ व्यक्तियों में बीमारी नहीं फैला सकता। कुष्ठ रोग की दवा बहुऔषधि उपचार (एमडीटी) सभी सरकारी अस्पताल एंव उप-स्वास्थ्य केन्द्र में मुफ्त मिलती है। कुष्ठ रोग का संदेह कब करें? इस विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए आरएचओ डिलेश्वरी परमार ने बताया कि जब त्वचा पर, त्वचा के रंग से हल्के-फीके, बदरंग लालिमा लिये हुए दाग हों। इन दागों में सुन्नपन हों। इन दागों में खुजली नहीं होती। चेहरे पर तामिया-तेलिया चमक एवं छोटी-छोटी गठाने हों। हाथ-पैर में लगातार झुनझुनी या सुन्नपन हो ।हाथ-पैर में कोई विकृति हो। त्वचा पर दूधिया सफेद दाग कुष्ठ रोग नहीं है। कुष्ठ रोग आती-जाती रहने वाली बीमारी नहीं है। कुष्ठ रोग की शंका होने पर शंकास्पद व्यक्ति को तुरन्त पास के अस्पताल में जांच कराने के लिए भेजें। सभी शासकीय अस्पतालों में कुष्ठ रोग का इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। सर्वेक्षण कार्य में सेक्टर पर्यवेक्षक नरेश कुमार साहू एवं एलएचवी सोनिका दास के नेतृत्व में सेक्टर के सभी कर्मचारी एवं ग्राम नर्रा की मितानिन शामिल रहे।

